# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 26.04.2025

## थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (01 कुल्हाड़ी) बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-162/2025 धारा-115(2)/109(1)/103(1)/309(6)/333 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रभात पाण्डेय पुत्र देवमणि पाण्डेय निवासी ग्राम जनुआडीह खुर्द थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-26.04.2025 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिर्जापुर स्थित बन्द पड़े भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (01 कुल्हाड़ी) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जनुवाडीह में दिनांक-25.04.2025 की रात्रि करीब 00.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुए मार-पीट में मालती पाण्डेय पत्नी कृष्ण गोपाल पाण्डेय निवासी जनुवाडीह थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गयी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-162/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

प्रभात पाण्डेय पुत्र देवमणि पाण्डेय निवासी ग्राम जनुआडीह खुर्द थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 27 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-162/2025 धारा-115(2)/109(1)/103(1)/309(6)/333 भा0न्या0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (01 कुल्हाड़ी)।

**अभियुक्त प्रभात पाण्डेय उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0-142/13 धारा-307/452/323/504/506 भा0द0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0-384/13 धारा-452/323/504/506 भा0द0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0-162/2025 धारा-115(2)/109(1)/103(1)/309(6)/333 भा0न्या0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 प्रवीण कुमार गौतम, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 भप्पी सोनी, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 अतुल यादव, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. हे0का0 जितेन्द्र कुमार यादव, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।